कार्यालय
उपखण्ड अधिकारी
विद्युत वितरण उपखण्ड
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0
सिकन्दरा , प्रयागराज।

मो0 नं0 - 7839009289
mail-id- sdo.sikandra@puvvnl.in

पत्रांक : 937 /वि0वि0उ0सि0प्र0/ दिनांक : 04/06/25

विषय :– नोटिस–41120 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में ।

मेसर्स ग्लोबटेक, क्रियेशन,
प्रा0लि0, सिसवा बाजार, महराजगंज।

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि विद्युत वितरण उपखण्ड कार्यालय सिकन्दरा के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सिकन्दरा, में कार्यरत कुशल श्रमिक श्री संतोष कुमार तिवारी (लाइनमैन) को जारी किये गये नोटिस–41120 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 19.05.2025 को अचानक इनके पत्नी की तबियत खराब होने के कारण इलाज कराने हेतु अस्पताल ले कर गये थे। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त कर्मचारी को चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में इनके द्वारा लापरवाही की जाती है तो बिना किसी सूचना के पूर्व में दिये गये नोटिस को अन्तिम नोटिस मानते हुए उच्चाधिकारी को कार्यवाही के लिए संस्तुति कर दी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वंय इनकी होगी।

आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक यथोपरि :–
- कर्मचारी द्वारा दिया गया स्पष्टिकरण पत्र।

भवदीय

(विमल कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
सिकन्दरा

पत्रांक : /वि0वि0उ0सि0प्र0/ दिनांक :

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–गंगापार प्रयागराज।
2. संतोष कुमार तिवारी(कुशल श्रमिक), 33/11के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सिकन्दरा प्रयागराज।

भवदीय

(विमल कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
सिकन्दरा

Scanned with OKEN Scanner

सेवा में,

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी/अवर अभियंता
सिकन्दरा प्रयागराज।

**विषय :– ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0 द्वारा जारी नोटिस संख्या–41120 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोत विषयक ग्लोबटेक क्रियेशन प्र0लि0 के पत्र संख्या–41120, दिनांक–19.5.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके माध्यम से प्रार्थी को नोटिस जारी किया गया है। इस सन्दर्भ में प्रार्थी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर रहा है।

**आरोपः–** आपके द्वारा उर्जा जन शक्ति एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत अपने कार्य स्थल से कार्य के समय में अनुपस्थित रहने के कारण अनुरक्षण व राजस्व वसूली का कार्य प्रभावित होने की प्राप्त सूचना पर की गयी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में।

**स्पष्टीकरण :–** अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी दिनांक –19.05.2025 को पत्नी की अचानक तबियत खराब होने के कारण इलाज के लिए प्रयागराज शहर लेकर गये थे। जिसकी सूचना मै अवर अभियंता महोदय को दे नही पाया। परंतु दिये गये विभागीय कार्य को पूरी लगन व इमानदारी के साथ किया जाता है। यदि अधिकारी महोदय को मेरे द्वारा विभागीय कार्य को करने में किसी भी प्रकार की त्रुटि लगती है तो इसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

कृपया आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्णित की गयी स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी को आरोप मुक्त करने की कृपा करें। **प्रार्थी आपका सदैव आभारी रहेगा।**

संलग्नक :–

- ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0 द्वारा प्राप्त पत्र।

प्रार्थी
संतोष तिवारी
संतोष कुमार तिवारी
(कुशल श्रमिक)
33/11के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र
सिकन्दरा, प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner